तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 16.2 डिग्री

रोटरी एवं हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन का रक्तदान शिविर




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com







### स्वास्थ्य विभाग के संविदा एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर

# मांग जल्द न पूरी हुई तो स्वास्थ्य व्यवस्था होगी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर पर जिला एनएचएम संघ की जशपुर, इकाई वर्षों से चली आ रही नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी एनएचएम अधिकारी, कर्मचारी सोमवार 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

एनएचएम संघ जिला जशपुर, इकाई द्वारा बताया गया कि वर्तमान सरकार के निरंकुश रवैये और वादा खिलाफी से आहत होकर आज से जशपुर जिले के समस्त एनएचएम अधिकारी, कर्मचारी अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर है। अपनी मांगों की और शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए क्रमबद्ध एवं



शांतिपूर्ण रूप से जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन, रैली, करेंगे। जिसके लिए आज संघ के द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अनुविभागीय अधिकारी जशपुर को आवेदन दे दिया है। स्वास्थ विभाग की रीढ़ माने जाने वाले एनएचएम कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से ना सिर्फ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है बल्कि जिले वासियों को उपचार हेतु मूलभूत सुविधा भी मिलना मुश्किल हो जाएगा।

#### जिले में पूर्व से ही कर्मचारियों की कमी

वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग जिला जशपुर मे वैसे ही कर्मचारियों की कमी है।जिले में कार्यरत अधिकतम स्वास्थ कर्मचारी एनएचएम से है और ऐसे मे स्वस्थ कर्मचारी लंबे समय तक हड़ताल पर रहे तो जिले की स्वस्थ व्यस्था ठप पड़ जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा से पहले दिन 8 छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार से स्टेट कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहले दिन कुल 42 छात्र छात्राओं ने प्रवेश के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है जबकि 8 छात्र छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। वहीं ऑल इंडिया कोटा से भी प्रवेश की प्रक्रिया जारी है।



बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 125 सीटों पर प्रवेश की प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाओं में स्टेट कोटा से 104 सीटें, ऑल इंडिया कोटा से 18 व सेंट्रल पूल कोटा से 3 सीटें निर्धारित है। कॉलेज में ऑल इंडिया कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू कर दी गई है। ऑल इंडिया कोटा में राजस्थान के धौलपुर की अंजली गर्ग ने पहला एडमिशन लिया है। वहीं सोमवार से मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा के अंतर्गत प्रवेश के लिए पहला चरण शुरू हुआ। पहले चरण में स्टेट कोटा में प्रवेश के लिए कुल 101 छात्र छात्राओं की सूची जारी की गई है। जारी की गई सूची में से पहले दिन कुल 42 छात्र छात्राओं ने यूजी की कक्षाओं में प्रवेश के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। कॉलेज में डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, प्रवेश समिति की अध्यक्ष डॉ. रंजना आर्या, को-ऑर्डिनेटर डॉ. परमानंद अग्रवाल, स्क्रूटनी प्रभारी डॉ. आभा एक्का ने छात्र छात्राओं के दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर देर शाम तक स्टेट कोटा पर कुल 8 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया है।

### खबर संक्षेप

#### जिले में 1 जून से अब तक 7711.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 7711.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 19 अगस्त तक की स्थिति में 7223.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 13.9 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 856.0 मिमी, मनोरा में 973.1 मिमी, कुनकुरी में 1139.2 मिमी, दुलदुला में 456.1 मिमी, फरसाबहार में 603.6 मिमी, बगीचा में 821.3 मिमी, कांसाबेल में 723.1 मिमी, पत्थलगांव में 676.5 मिमी, सन्ना में 907.6 मिमी एवं बागबहार में 554.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

#### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम खुटीटोली निवासी दशरथ पैंकरा का कुआं के पानी में डूबने से 28 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी सुखमेत पैंकरा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

#### गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों हेतु शिविर 20 से

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं के गुमशुदा एवं ऋणात्मक शेष प्रकरणों के निराकरण हेतु महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 20 अगस्त से 22 अगस्त तक अम्बिकापुर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में कार्यालयीन समय में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को उक्त शिविर में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक उपस्थित होकर संबंधित अभिदाताओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण कराए जाने कहा है।

#### नगर सैनिकों की भर्ती के सम्बन्ध में परिणाम जारी

**अम्बिकापुर।** नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों की भर्ती कार्यवाही गई है। जिसका परिणाम 8 अगस्त को जारी किया गया है। उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाइट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी नगर सेना भर्ती परिणाम जानने हेतु उक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

#### दिन दहाड़े घर में घूस चोर ले उड़े जेवर व सामान

**अम्बिकापुर।** सरगवां मझलीपारा स्थित एक घर में दिन दहाड़े दाखिल होकर चोरों ने सोने चांदी के जेवर एवं सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सरगवां मझलीपारा निवासी विशाल विश्वास आ. कबीर विश्वास (28 वर्ष) ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को खेत में काम करने गया था जबकि मां इलाज कराने अस्पताल गई थी। शाम को पत्नी माया विश्वास घर में कुंडी लगाकर पड़ोस में कृष्ण जन्माष्टमी पूजा देखने गई थी। शाम 5 बजे घर आई तो देखा दरवाजा खुला व सामान बिखरे हुए थे।

## नशीली कैप्सूल बेचने का आठ माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल की बिक्री के मामले में आठ माह से फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। ऑपरेशन अंकुश के तहत थाना कुनकुरी पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी मो. आमिर 27 वर्ष, निवासी ग्राम कुरकुंगा, सुखबासु बस्ती थाना नारायणपुर, जिला जशपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

थाना कुनकुरी क्षेत्र में दिसंबर 2024 में आरोपी आमिर अपने साथी मकसूद आलम के साथ मिलकर प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल की बिक्री कर रहा था। उसी दौरान पुलिस ने मकसूद आलम को रंगे हाथ पकड़ लिया था और उसके



कब्जे से कुल 407 नशीली कैप्सूल बरामद किए थे, जिनकी कीमत करीब 29 हजार आंकी गई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ में मकसूद आलम ने खुलासा किया था कि प्रतिबंधित कैप्सूल उसके साथी आमिर लेकर आया था और दोनों मिलकर बिक्री कर रहे थे। इसके बाद से ही आरोपी आमिर फरार चल रहा था। पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी आमिर 18 अगस्त की रात अपने गांव कुरकुंगा आया हुआ है। थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस दल ने दबिश देकर आमिर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी आमिर ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

#### कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 24 को

**जशपुरनगर।** प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 11वीं में गणित-विज्ञान की रिक्त सीटों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 24 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक किया किया जाएगा। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर मे होगा। आदिम जाति कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में कक्षा 11वीं में कुल रिक्त 9 सीटों पर छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया जायेगा। इनमें वर्गवार विभिन्न सीटें रिक्त है। रिक्त सीटों में अनुसूचित जनजाति बालक-2 एवं बालिका-3 सीट, अनुसूचित जाति वर्ग के बालिका-1 सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक-2 सीट तथा सामान्य वर्ग के बालक-1 सीट रिक्त है, रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 22 अगस्त तक आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर एवं प्रयास आवासीय विद्यालय डोड़काचौरा के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर सकते है। परीक्षा में शामिल होने हेतु विद्यार्थियों की न्यूनतम पात्रता कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक-समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ कक्षा 10वीं की अंकसूची, निवास-प्रमाण, जाति-प्रमाण, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं 2 पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा।

## गांजा उगाने वाला धनुषधारी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** चौकी पंडरापाठ पुलिस ने ग्राम गायबुड़ा में अवैध गांजा उगाने वाले धनुषधारी यादव उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, 17 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि धनुषधारी यादव अपनी मिर्ची की बाड़ी में तीन गांजे के पौधे उगा रहा है और उनकी पत्तियों व डंठलों को काटकर बाड़ी में सुखा रहा है। सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी की बाड़ी पर दबिश दी। तलाशी में पुलिस ने तीन गांजे के पौधों के ठूंठ, सुखाई गई पत्तियां और डंठल बरामद किए। कुल जब्त गांजे का वजन 2 किलो 40 ग्राम है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 4 हजार बताई जा रही है। जांच में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि उसने ही अपने बाड़ी में यह अवैध पौधे उगाए थे। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी पंडरापाठ उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, आरक्षक दिनेश्वर भगत, बिलचियूस लकड़ा और महिला आरक्षक लीलावती यादव ड्यूटी में उपस्थित रहे।





## नए घर ने जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी

**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत पंड्रापाठ निवासी पहारु राम वर्षों से कच्चे मकान में रहकर जीवनयापन कर रहे थे। बरसात के दिनों में छत टपकना, सर्दियों में ठंड से बचाव की समस्या और गर्मियों में तपन सहना उनके परिवार की मजबूरी बन गई थी।




सीमित संसाधनों के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना था। वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। समय पर राशि और सामग्री की उपलब्धता के कारण उनका मकान तैयार हुआ और अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित पक्के घर में रह रहे हैं। पहारु राम बताते हैं कि नए घर ने उन्हें जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है। उनके अनुसार अब मेरे परिवार को मौसम की मार से बचाव मिल रहा है। यह घर हमारे लिए सुरक्षा और सम्मान की नई पहचान है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को वित्तीय सहायता दी जाती है, ताकि वे अपना आवास स्वयं बना सकें और सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह योजना केवल आश्रय का साधन ही नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

## आदिवासी छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर

**जशपुरनगर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में शासकीय आदिवासी प्री मैट्रिक बालक छात्रावास नारायणपुर एवं शासकीय आदिवासी प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बासंताला में विगत दिवस 17 अगस्त को विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू ने जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि सभी नागरिकों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित किए जाने तथा कोई भी गरीब या किसी अन्य अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे, उसके लिए संविधान के अनुच्छेद 39 ए में प्रावधान किया गया है। साथ ही सभी नागरिकों तक न्याय की पहुंच को सरल बनाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय, राज्य, जिला एवं तालुका



स्तर पर कानूनी सेवा प्राधिकरणों और समितियों की स्थापना की गई है। उनके द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961. समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन, बाल विवाह, नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के संबंध में कानूनी जानकारी नशा मुक्ति बाल श्रम अधिनियम, 1986, घरेलु हिंसा से महिलाओं का सरक्षण अधिनियम, 2005, हेल्पलाईन नंबर 1098. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, समझौते के माध्यम से प्रकरण निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत एवं मध्यस्थता के संबंध में जानकारी दी गई। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर क्रांति कुमार सिंह द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, किशोर न्याय ⏭ शेष पेज 4 पर

## 90 वर्षीय चाका बाई फिर सुन सकती है जीवन की मधुर ध्वनि

**जशपुरनगर।** 90 वर्षीय चाका बाई की चेहरे से झलकती मुस्कराहट बता रही है कि उनके जीवन में खुशियां फिर से लौट आई है। उम्र के इस दौर में शारीरिक परेशानियों का आना स्वाभाविक है और ऐसे समय में की गई सहायता बुजुर्गों के लिए बड़ी सहारा बनती है। ठीक से सुनाई नहीं देने की समस्या से जूझ रही चाका बाई मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंची। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें उनकी परेशानियों का समाधान यहां पर अवश्य मिलेगा



और हुआ भी ऐसा ही, कैंप कार्यालय से उन्हें तत्काल मदद मिली और उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत जामचुआं, तहसील कुनकुरी निवासी चाका बाई ठीक से सुनाई नहीं देने की समस्या से जूझ रही थी। उन्होंने कैंप कार्यालय में आवेदन देकर अपनी समस्याओं को साझा किया। कैंप कार्यालय ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की और उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया। श्रवण यंत्र पाकर चाका बाई ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आशीर्वाद दिया है। गरीबों को मदद करने की संवेदनशील सोच और समय पर उनका काम बन सके।

### सहकारी समितियों में महीनों से चक्कर लगा रहे किसान

# ब्लैक में 266 की यूरिया खाद 700 सौ में मिल रही, किसान परेशान

**कोतबा।** क्षेत्र के किसानों को समय पर यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। कभी यूरिया नहीं है तो यूरिया आने के बाद आईडी नम्बर नहीं होने का हवाला देकर किसानों को महीनों से बैरंग लौटाया जा रहा है।

रोपाई के बाद सबसे पहले किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता होती है। लेकिन कोतबा सोसायटी के चक्कर लगाकर किसान परेशान हो चुके है। किसानों ने बताया कि शासन से मिलने वाला यूरिया खाद खुले बाजार में 266 कई जगह 650 से 700 में बिक रहा हैं। लेकिन सहकारी समितियों में इसका भंडारण नहीं होना विभागीय कर्मचारियों सहित प्रबंधक की लापरवाही को उजागर करता है।



जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र में हालात ये हो गए हैं कि किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए सहकारी समितियों के चक्कर लगाने को विवश है। वहीं निजी दुकानदार किसानों को महंगे दामों में यूरिया खाद के लेने को विवश कर रहे है। मंगलवार को कोतबा समिति में बड़ी संख्या में किसानों का हुजूम जुटा और जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुये हंगामा मचाया किसान संतराम नारंग, कृपाल पैंकरा, सुरेश पैंकरा, रतन सिदार, जयनारायण, सहित अन्य ने बताया कि शासन प्रशासन और विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही से यूरिया खाद होने के बावजूद किसानों को ⏭ शेष पेज 4 पर

#### मिली भगत का आरोप

किसान अनुक साय, बालक राम, सुरजनाथ पैंकरा, जगत राम, अमीर सिंह का कहना है कि 266 रुपए की यूरिया खाद 700 रुपए में बेची जा रही है, और सहकारी समितियों में महीनों से चक्कर लगाने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है, जिससे वे बहुत परेशान हैं। उनका कहना है कि सरकार द्वारा पहले किसानों की मंडियों में भंडारण करती है तो फिर समितियों में न जाकर दुकानदारों तक कैसे पहुंच जाता है। इससे यही प्रतीत होता है कि विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत से ही संभव हैं। जानकारों का कहना है कि 265 रुपए की यूरिया खाद को 700 रुपए में बेचना, ब्लैक मार्केटिंग का एक स्पष्ट उदाहरण है। सहकारी समितियों में यूरिया की कमी के कारण, किसानों को महीनों से चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी खेती प्रभावित हो रही है.खाद की कमी और ब्लैक मार्केटिंग के कारण किसानों को भारी परेशानी हो रही है, जिससे उनकी खेती की लागत बढ़ रही है और उपज भी प्रभावित हो रही है। यह स्थिति किसानों के लिए बहुत ही निराशाजनक है, और सरकार को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

#### जांच की जाएगी

मामले को तत्काल संज्ञान में लिया जा रहा है। इसकी जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित करता हूं।

**-ऋतुराज बासेन,** एसडीएम पत्थलगांव

## जिले में हो रही लगातार चोरियों से जिलेवासी हलाकान



**महादेवडांड।** लगातार हो रही चोरियों से जिलेवासी सकते में नजर में आ रहे है। कुछ दिनों पहले जिला मुख्यालय के टिकैतगंज में एकसाथ एक ही कालोनी के दरवाजों के तले टूटे थे, उसी तर्ज पर कांसाबेल में भी चोरी की वारदात हुई थी। कल रात तकरीबन 1 से दो बजे के बीच महादेवडांड मुख्यमार्ग पर स्थित बसंत गुप्ता के कृषि सेवा केंद्र एवं दवाई दुकान में चोरों ने धावा बोल लगभग 50 हजार रुपए नकद, 4 से 5 दवाई की पेटी एवं बीज के पैकेट लेकर फरार हो गए। जैसे ही शटर की आवाज परिवार वालों ने सुनी दुकान की तरफ गए और देखा कि दो जोड़ी चप्पल कटर मशीन राखी हुई है जिसे चोर छोड़ कर भागे है। बसंत ने इसकी रिपोर्ट महादेव डांड थाने में की है। अब देखना है कि हो रही सीरियल चोरी को पुलिस प्रशासन कब तक रोक पाता है।



# थामा में अंधेरे के बादशाह से टकराएंगे आयुष्मान

**मुंबई।** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा से अब आयुष्मान खुराना समेत फिल्म की पूरी कास्ट का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही कौन किस किरादर में नजर आएगा, इसकी भी जानकारी सामने आ गई है। फर्स्ट लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म से आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल के लुक रिवील किए हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना आलोक के किरदार में नजर आएंगे, जो इंसानियत की आखिरी उम्मीद है।

लाइफ Style

# रश्मिका




## न्यूयॉर्क की गलियों में छाया साउथ का जलवा

साउथ इंडस्ट्री के दो पॉपुलर स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रविवार को न्यूयॉर्क शहर में 43वें इंडिया डे परेड के दौरान साथ देखे गए हैं। दोनों के यूं साथ किया गया है। ऐसे में लोग दोनों के रिश्ते को लेकर कयास लगाने लगे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


एक्टिंग की दुनिया में दो स्टार का साथ नजर आना कई बार मुसीबत बन जाता है। खासतौर पर जब दोनों के पहले से ही अफेयर के किस्से सामने आ रहे हों, ऐसा ही कुछ साउथ के जाने माने स्टार रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के साथ भी हुआ है। दोनों को साथ में देखा गया है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट जोड़ी में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के बाद लोगों ने इनके रिश्ते में होने के कयास फिर से लगाने हैं। बीते दिन रविवार 17 अगस्त को दोनों न्यूयॉर्क शहर में हुई 43वीं इंडिया डे परेड में साथ नजर आए थे। जैसे ही दोनों साथ दिखे, सोशल मीडिया पर इनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गईं। इससे पहले भी दोनों अपने अफेयर को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। लेकिन, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की। हमेशा बताया कि दोनों अच्छे दोस्त हैं। 43वीं इंडिया डे परेड में रश्मिका और विजय की कई फोटोज और वीडियो सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस दौरान विजय को रश्मिका का खास ख्याल रखते हुए भी देखा गया. यही वजह है कि फैंस फिर से मान बैठे कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स का हिस्सा नहीं

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिदंगी जी रहे हैं।



# जनरल जॉड के किरदार से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर टेरेंस स्टैम्प का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। टेरेंस को सुपरमैन फिल्म में उनके जनरल जॉड के किरदार के लिए जाना जाता था। लंदन में जन्मे टेरेंस स्टैम्प ने 1962 में समुद्री बैकड्रॉप पर आधारित फिल्म 'बिली बड' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस पहली ही फिल्म के लिए उन्हें ऑस्कर नामांकन प्राप्त हुआ। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। हालांकि, स्टैम्प ने कई गंभीर और भावुक भूमिकाएं निभाईं, लेकिन उन्हें सबसे अधिक लोकप्रियता मिली 1978 की सुपरमैन और 1980 की सुपरमैन II में जनरल जॉड के किरदार से। टेरेंस स्टैम्प की सबसे सराही गई भूमिकाओं में 1994 की 'द एडवेंचर ऑफ प्रिसिला, क्वीन ऑफ द डेजर्ट' भी शामिल है।



# बागी-4 का पहला गाना गुजारा हुआ रिलीज


**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म बागी 4 का पहला गाना गुजारा सोमवार को रिलीज हो गया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। इस रोमांटिक गाने में दोनों की जोड़ी काफी जच रही है। ए हर्षा द्वारा निर्देशित 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 4 का पहला गाना सामने आया है। एक्शन फिल्म का पहला गाना रोमांस से भरपूर है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री हरनाज कौर संधू नजर आ रही हैं। ये गाना पंजाबी सिंगर सरताज के गाने 'तेरे बिना ना गुजारा' का रीमेक है। ये गाना उस समय फिर से चर्चाओं में आ गया था, जब सिंगर जोश ब्रार ने इसका रीमेक किया था और इसे नए तौर पर लाया था।




# डायरेक्टर अनिल ने की गदर-3 की घोषणा

**मुंबई।** गदर 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस फिल्म की घोषणा की है। क्या तीसरी किश्त में अमीषा पटेल भी सकीना के किरदार में नजर आएंगी? दरअसल, पिछले दिनों अमीषा पटेल और अनिल शर्मा के बीच मनमुटाव हुआ था। अपनी फिल्म गदर 3 की कहानी, मेकिंग को लेकर डायरेक्टर ने अपडेट दिया। अनिल शर्मा कहते हैं, 'अमीषा के साथ मेरा रिश्ता अब बहुत अच्छा है। वक्त के साथ-साथ सब चीजें सही हो जाती हैं। अभी सब बढ़िया है। सकीना (अमीषा पटेल) और तारा (सनी देओल) 'गदर' फिल्म सीरीज का एक जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन, हम गदर 3 की रिलीज से पहले उनके रोल के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे। गदर 3 जरूर बनेगी।

## टीवी मसाला



# केबीसी 17 को मिला पहला करोड़पति 7 करोड़ के सवाल पर टिकी नजरें

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड फेमस क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 17 का धमाकेदार आगाज हो चुका है। ये शो ने शुरू होने के साथ ही सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी में एक बार फिर से अमिताभ का शानदार अंदाज देख न सिर्फ कंटेस्टेंट, बल्कि दर्शक भी काफी खुश हैं। अमिताभ के इस शो के पहले ही हफ्ते में दर्शकों को इस सीजन का पहला करोड़पति मिल गया है। इस प्रोमो में दिखाया गया कि उत्तराखंड के रहने वाले आदित्य कुमार शानदार तरीके से खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। अमिताभ के पूछे गए सभी सवालों का जवाब आदित्य ने बिल्कुल सही दिया। इस तरह आदित्य ने 1 करोड़ के सवाल का भी जवाब बिल्कुल सही दिया। एक करोड़ की रकम जीतकर आदित्य फूले नहीं समा रहे थे। बिग बी ने भी उठकर आदित्य को गले लगाया। एक करोड़ जीतने के बाद आदित्य सीधे 7 करोड़ के सवाल पर पहुंच गए हैं। अब हर किसी की नजरें 'कौन बनेगा करोड़पति 17' जैकपॉट वाले सवाल पर टिकी है। हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि क्या आदित्य 7 करोड़ के जैकपॉट वाले सवाल का सही जवाब दे पाएंगे। फिलहाल, ये जानने के लिए सभी काफी उत्सुक हैं। आदित्य ने अमिताभ बच्चन के सामने अपने कॉलेज के दिनों का एक मजेदार किस्सा सुनाया। आदित्य ने बताया कि जब वो कॉलेज में थे तब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ केबीसी को लेकर एक मजाक किया था। उन्होंने कहा था कि कॉलेज में केबीसी की शूटिंग होने वाली है। ये सुनकर सभी दोस्त रोज तैयार होकर आते थे, लेकिन जब एक हफ्ता बीत गया तब खुद आदित्य ने बताया कि वो मजाक कर रहे थे। ये सुनकर बिग बी खूब हंसे।

## तान्या हुई कंफर्म, फेमस वकील भी बिग बॉस में मचाएगा बवाल

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के लिए अब जो नाम सामने आ रहा है, वो है तान्या मित्तल का। तान्या एक सोशल मीडिया पर स्टार हैं। तान्या एक सफल सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ही नहीं, बल्कि एक उद्यमी महिला भी हैं। वो



अपनी सादगी के लिए हमेशा ही सुर्खियों में रहती हैं। बता दें कि इसी साल प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में तान्या भी मौजूद थीं। तान्या ने न सिर्फ अपनी जान बचाई, बल्कि लोगों की भी मदद करती नजर आईं थीं। सलमान खान के शो के लिए तान्या का नाम कंफर्म बताया जा रहा है। फिलहाल तान्या की तरफ से शो में जाने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बिग बॉस 19 में पिछले कुछ सीजन से देखा जा रहा है कि शो में यूट्यूबर्स, स्टार्स, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के अलावा वकील भी आ रहे हैं। सीजन 19 में भी एक फेमस वकील की एंट्री को कंफर्म बताया जा रहा है। शो के लिए इस बार फेमस लॉयर अली काशिफ खान का नाम सामने आ रहा है। अली काशिफ को सलमान खान के शो लिए लगभग कंफर्म बताया जा रहा है।

# धमाकेदार होगा यह वीक, बिग बॉस 19 की दस्तक के साथ रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में इस वक्त 'कुली' और 'वॉर 2' सजी हुई हैं। साथ ही 'महावतार नरसिम्हा' भी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वहीं, ओटीटी पर बीते हफ्ते काफी शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब नए वीक की शुरुआत हो चुकी है और मनोरंजन के शौकीनों के लिए इस वीक भी ओटीटी पर काफी कुछ खास आने वाला है।

***पीसमेकर सीजन 2 :*** यह सीरीज इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में शामिल है और 21 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें जॉन सीना, डेनिएल ब्रूक्स, फ्रेडी स्ट्रोमा, जेनिफर हॉलैंड, फ्रैंक ग्रिलो जैसे सितारे नजर आएंगे। बता दें कि 'पीसमेकर' का पहला सीजन साल 2022 में रिलीज हुआ था।

***आमार बॉस :*** यह फिल्म 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए करीब दो दशक बाद दिग्गज अभिनेत्री राखी ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है। यह बंगाली फिल्म मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब ओटीटी पर दस्तक दे रही है। इस फिल्म में राखी और शिबोप्रसाद मुखर्जी लीड रोल में हैं। नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ने इसका निर्देशन किया है।



***मारीसन :*** यह तमिल फिल्म है। सुधीश शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 22 अगस्त को ओटीटी पर दस्तक देगी। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस फिल्म में फहाद फासिल और वडिवेलु लीड रोल में हैं। बता दें कि यह फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज हुई थी।

***थलाइवन थलाइवी' :*** विजय सेतुपति और नित्या मेनन अभिनीत यह फिल्म भी इस हफ्ते ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। दोनों सितारों को इस फिल्म में पहली बार साथ स्क्रीन पर देखा गया। यह फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 22 अगस्त से यह प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

***शोधा :*** यह एक कन्नड़ सीरीज है। इस हफ्ते ओटीटी पर प्रीमियर के लिए तैयार है। निर्देशक पवन कुमार इस वेब सीरीज में लीड रोल में नजर आएंगे। 'शोधा' 22 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। यह एक सस्पेंस थ्रिलर सीरीज है।

***बिग बॉस 19 :*** यह वीक इसलिए भी काफी खास है, क्योंकि सलमान खान का रियलिटी शो भी 'बिग बॉस' का नया सीजन भी दर्शकों के बीच पहुंच रहा है। 'बिग बॉस 19' जियो हॉटस्टर पर 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# *वॉर 2 में कियारा का काम देखकर खुश हुए सिद्धार्थ*



***मुंबई।*** *ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर वॉर 2 का इंतजार लंबे वक्त से किया जा रहा था। फिल्म बड़े पैमाने पर बनी और इसे यशराज के स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी कड़ी बताया गया। लेकिन, रिलीज के बाद ऑडियंस का रिएक्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। हाई ऑक्टेन एक्शन और स्टारपावर के बावजूद फिल्म ऑडियंस को पूरी तरह एंटरटेन नहीं कर पा रही। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर मिलाजुला रिस्पॉन्स देखने को मिला है। इस बीच एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पत्नी कियारा आडवाणी की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कियारा के काम को शानदार बताया। सिद्धार्थ ने फिल्म देखने के बाद लिखा, क्या राइड थी! एक्शन, स्केल और स्टाइल सब कमाल। कियारा अडवाणी ऑन स्क्रीन ग्रेस और स्ट्रेंथ लेकर आईं।*

## जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि जंगल-जंगल बात चली है पता चला है...

# एक ऐसा फनकार, जिसने जिस विधा को छुआ उसे कर दिया 'गुलजार'

### मेरे अपने से निर्देशन की दुनिया में उतरे

गीत, स्क्रीन राइटिंग और डायलॉग लिखने के बाद गुलजार ने साल 1971 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। निर्देशक की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पहली फिल्म बनाई मेरे अपने। श्याम आए तो उससे कहना कि छेनू आया था। ये डायलॉग तो आपने कई बार सुना होगा। ये सुपरहिट डायलॉग गुलजार की 'मेरे अपने'का ही है। ये फिल्म एक बूढ़ी विधवा, उसका एक कथित रिश्तेदार और दो युवकों के बीच की कहानी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी और इस फिल्म ने विनोद खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के कॅरियर में एक अहम बदलाव लाया था। फिल्म में इन दोनों के अलावा मीना कुमार, देवेन वर्मा, असित सेन, असरानी, डैनी डेन्जोंगपा, कैस्टो मुखर्जी, ए के हंगल, दिनेश ठाकुर, महमूद और योगिता बाली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।



*नई दिल्ली। गुलजार एक हैं, लेकिन उनके रंग अनेक हैं। जब वह गाने लिखने बैठते हैं तो पहला ही गाना लिखते हैं- 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दई दे'। जिस बॉलीवुड की दुनिया में गोरे रंग की चमक-दमक ही सबकुछ मायने रखती हो, वहां पहले ही गाने में श्याम रंग की चाहत। जब वो स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म सामने आती है। जिसका सार ही ये है कि 'जिंदगी लंबी नहीं बड़ी होनी चाहिए। जब वो निर्देशक की कुर्सी पर बैठते हैं तो आंधी, मौसम और माचिस जैसी फिल्में सामने आती हैं। जहां संवेदनाएं अपने चरम पर हैं और आपके अंदर भावनाओं का एक तूफान सा छोड़ जाती हैं। जब बड़े पर्दे से छोटे पर्दे की ओर रुख करते हैं और टीवी सीरियल बनाते हैं तो मिर्जा गालिब जैसे एक शाहकार से मुलाकात होती है। जब उनके अंदर का बच्चा जागता है तो वो कहता है कि 'जंगल जंगल बात चली है पता चला है, चड्डी पहनकर फूल खिला है।'*

**कॉमेडी ड्रामा परिचय :** इसके बाद 1972 में गुलजार जितेंद्र, जया भादुड़ी, प्राण और संजीव कुमार स्टारर परिचय लेकर आए। इस फिल्म में एक की तलाश करते युवक की कहानी दिखाई गई है। जिसे बाद में पांच बिगड़ैल बच्चों को पढ़ाने की नौकरी मिलती है। ये बच्चे इतने बिगड़ैल हैं कि वो इससे पहले कई टीचर्स को भगा चुके हैं। ये अपने दादा जी राय साहब के साथ रहते हैं, जो समय के बड़े पाबंद हैं। फिल्म की कहानी काफी रोचक है। साथ ही फिल्म रिश्तों और रोजगार के मुद्दे पर भी बात करती है।

**मूक-बधिर की इमोशनल कर देने वाली कहानी कोशिश :** इसी साल गुलजार एक मूक-बधिर जोड़े की दिल को झकझोर देने वाली रोमांटिक-ड्रामा फिल्म कोशिश भी लेकर आए। इस फिल्म में संजीव कुमार, जया भादुड़ी और असरानी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मूक-बधिर कपल हरि चरण और आरती के संघर्ष, उनके दर्द और समाज में अपनी जगह बनाने की उनकी जद्दोजेहद को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी काफी भावुक है। कैसे हरि चरण आरती के मरने के बाद अकेले ही अपने बेटे को पालता है और इस दौरान उसे कैसे समाज से भी लड़ना पड़ता है। इस फिल्म के लिए संजीव कुमार को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। 1972 में आईं ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं।

### नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर बनाई अचानक

गुलजार ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्में भी बनाईं और साथ ही उन्होंने अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को भी उठाया है। उन्होंने 1958 में हुए केएम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले पर फिल्म बनाई थी 'अचानक'। ये वो ही मामला है, जिस पर बाद में अक्षय कुमार की फिल्म रुस्तम बनी हुई है। अचानक में विनोद खन्ना प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इसके अलावा लिली चक्रवर्ती, फरीदा जलाल और असरानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। सबसे खास बात कि खुद गीतकार होने के बावजूद गुलजार की इस फिल्म में एक भी गाना नहीं था। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और कई अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन भी मिला था।

**इमरजेंसी में आंधी पर लगा बैन :** साल 1975 में जब देश में इमरजेंसी लगी थी और शोले जैसी ऐतिहासिक फिल्म रिलीज हुई थी। उसी साल गुलजार ने दो ऐसी फिल्में बनाईं जो आज भी आपके अंदर भावों का एक समुंदर सा छोड़ जाती हैं। पहले गुलजार संजीव कुमार और सुचित्रा सेन स्टारर आंधी लेकर आए। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। जिसमें कई वर्षों के बाद एक अलग हुए कपल की अचानक मुलाकात होती है। जब पत्नी आरती देवी, जो अब एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हैं, चुनाव प्रचार के दौरान अपने पति के होटल में ठहरती हैं। इस फिल्म को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित बताया जाता है। हालांकि, मेकर्स ने इस बात से इंकार किया था।

## खबर संक्षेप

### अग्रसेन जयंती मनाने नव जागृति समिति का गठन, आदित्य अध्यक्ष

**बिश्रामपुर**। श्री अग्रसेन जयंती को धूमधाम से मनाने गत दिवस अग्र बंधुओ की बैठक नगर के अग्रसेन भवन में रखी गई जिसमें नवीन अध्यक्ष,सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया गया,बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य सुभाष गोयल ने की,यहाँ पर अध्यक्ष पद के लिए आदित्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए नितिन गोयल,सचिव पद के लिए प्रशांत अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।इस दौरान उपस्थित जनों ने गठित नई कार्यकारिणी के सदस्यों को आपसी तालमेल से कार्य करने और अग्रसेन जयंती के भव्य आयोजन किये जाने को लेकर चर्चा की।इस दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य मोहन लाल गोयल,राजकुमार अग्रवाल,प्रदीप गोयल,विजय गोयल,स्पर्श अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने प्रवेश तिथि बढ़ाने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर**। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 की प्रवेश तिथि को आगे बढ़ाने के लिए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति प्रेम प्रकाश सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया है। विश्वविद्यालय एवं उसके अधीन महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त थी। विश्वविद्यालय के द्वारा देर से नतीजे जारी करने एवं पोर्टल से संबंधित समस्याओं के कारण बहुत से छात्र प्रवेश से वंचित रह गए हैं। इस कारण संभाग के सभी कॉलेजों में सीटें बी रिक्त है। छात्रों की इस परेशानी के सामने आने के बाद एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला। मुलाकात के बाद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने जानकारी दी है कि कुलपति ने रजिस्ट्रार को प्रवेश तिथि आगे बढ़ाने बाबत अपनी अनुशंसा भेज दी है। औपचारिकताओं को पूर्ण कर विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र बढ़ी हुई तिथियों की घोषणा कर देगा। इस दौरान अभिषेक सोनी, अंकित जायसवाल, गौतम गुप्ता, ऋषभ जायसवाल, मेघा गुप्ता, मुनेश्वर सिंह, अभिनव काशी, वैभव पांडे, संतोष पटेल सहित कार्यकर्ता और छात्र मौजूद थे।

### सागोन पेड़ काट ले जाने मामले में सुरक्षा विभाग ने पुलिस और डीएफओ को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर**। एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी स्थित पुराना डीएमक्यू क्वार्टर नंबर 55 के पीछे लगे दो नग विशाल सागोन पेड़ को दिनांक 8 अगस्त को काटकर चोरी कर लिया गया है, उक्त मामले में कंपनी के सुरक्षा प्रहरी उजीत राम ने डीएफओ सूरजपुर समेत बिश्रामपुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।सुरक्षा प्रहरी ने वनमंडल अधिकारी और थाना प्रभारी को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि कुमदा सहक्षेत्र स्थित पुराना डीएमक्यू कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 55,जो रेहर खदान में कार्यरत टेंडल बन्सू आत्मज बाबूलाल के नाम पर आबंटित है, यहाँ पर दिनांक 8 अगस्त को उक्त आवास के पिछले हिस्से में लगे दो नग सागौन के विशाल पेड़ को क्वार्टर में रहने वाले सुशांत विश्वास एवं चंपा विश्वास ने उपसरपंच ग्राम कुमदा की मिलीभगत से कटवा कर पार कर दिया गया है।

### अतिथि शिक्षक के एक साथ दो स्कूलों में पढ़ाने की जांच हेतु दल गठित

**बिहारपुर**। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय में पदस्थ अतिथि व्याख्याता राजकुमार के एक साथ दो राज्य के अलग-अलग स्कूलों में पढ़ाने के मामले की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सोमवार को जारी आदेश 5825 दिनांक 18 अगस्त 2025 के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान फूलसाय मराबी की अध्यक्षता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंछीडांड के प्राचार्य नसीम अंसारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर के प्राचार्य शंभू निषाद मामले की जांच करेंगे।








अम्बिकापुर। दादी ग्राम समिति द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में शामिल राधा-कृष्ण के वेश-भूषा में बच्चे।

### गढ़वा से लाकर क्षेत्र में करता था सप्लाई

# 80 हजार के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशीला इंजेक्शन लेकर बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे युवक को संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 80 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**
- दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा संभाग में नशे के कारोबारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के दौरान आज टीम को उस समय सफलता हाथ लगी जब गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत आरा निवासी हबीब अंसारी किसी ग्राहक को नशीला इंजेक्शन बेचने के लिए सरगवां पैलेस रोड के पास बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवाई 9707 को खड़ा कर इंतजार कर रहा था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर टीम मौके पर पहुँची तो सरकारी गाड़ी को देख बाइक सवार भगाने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। टीम ने युवक के पास रखे झोले की तलाशी ली तो झोला से 80 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने बाइक व नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरोध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जब्त इंजेक्शन की कीमत लगभग 80 हजार रुपए है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह गढ़वा से नशीला इंजेक्शन लाकर आसपास सप्लाई करता है। रंजीत गुप्ता ने बताया कि बलरामपुर जिले के आरा क्षेत्र नशीले पदार्थ की बिक्री बड़ी मात्रा में की जाती है। इसके पूर्व भी आरा निवासी नूर अहमद को नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।। गढ़वा जिला पूरे छत्तीसगढ़ में नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहा है।



नशीली दवाईयों के साथ आरोपी।

### अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर**। अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी से 19 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जब्त किया है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पवन कुमार साहू अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए शराब लेकर आ रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी देवेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर रघुनाथनगर निवासी 36 वर्षीय पवन कुमार साहू आ. रामजी साहू को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब 36 नग बियर किंग फिशर, 10 नग मैकडॉवेल नंबर कुल 19 लीटर 800 मिली बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।





## महुली में पहली बार हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत महुली में पहली बार आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रतियोगिता में कई गोविंदा की टोलियां शामिल हुईं जिन्होंने ऊँचाई पर बंधी मटकी को फोड़ने का प्रयास किया। कुछ टीमें असफल रहीं लेकिन कई टोलियों ने अपनी रणनीति, शक्ति और आपसी तालमेल के बल पर मटकी फोड़ने में सफलता हासिल की। सफलता मिलते ही पूरा मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने भी देर रात तक प्रतियोगिता का रोमांच देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महुली सरपंच रनसाय सिंह खैरवार एवं करौटी ए सरपंच गजमोचन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने मांग की है कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष परंपरा के रूप में जारी रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहर को समझ सकें और गांव की पहचान को और आगे बढ़ा सकें। इस दौरान रामदास जायसवाल, बालक राम जायसवाल, दीपक जायसवाल, मनीष जायसवाल, विष्णु जायसवाल, प्रेम सागर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस ने सरगुजा में भी शुरू किया मतदाता सूची में सर्वे का काम, दरिमा क्षेत्र से की गई शुरुआत

**अंबिकापुर**। राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को उजागर करने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा 8 अगस्त को सरगुजा जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को मतदाता सूचियों का सर्वे कर संदेहास्पद मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दरिमा ने पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में योजनाबद्ध रूप से इस सर्वे के कार्य को प्रारंभ कर दिया है। वोटर लिस्ट की गड़बड़ियों को पकड़ने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और बूथ कमेटियों का एक ट्रेनिंग सत्र करजी फार्म में आयोजित किया गया। ट्रेनिंग के उपरांत पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं के घर जाकर उन्हें मतदाता सूची के सत्यापन का तरीका बतलाया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि ग्राम करजी में इस जमीनी प्रशिक्षण के दौरान मतदाताओं के कुछ ऐसे नाम सामने आए हैं तो कभी भी यहां के निवासी नही रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता सूचियों का गहन सर्वे कर गड़बड़ियों पर विस्तृत प्रतिवेदन दिया जाएगा। इस दौरान दरिमा ब्लॉक प्रभारी सरिता महंत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नारद गुप्ता, नीलेश कश्यप, उत्तम राजवाड़े, पारस राजवाड़े, विनोद राजवाड़े, विकास सिंह, प्रसून सिंह, अरुण गुप्ता, रवि बड़ा, दया एक्का, परमेन्द्र सरजाल, रामसाय, संजीव कश्यप, भीमसेन, राकेश सोनी, अनिल कुशवाहा, उमाशंकर कुशवाहा, जयपाल यादव, सुमित कुशवाहा, रवि शंकर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



### नगर पालिका अध्यक्ष रमन ने किया ध्वजारोहण

**रामानुजगंज**। छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र स्थित रामानुजगंज में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं एवं नगरवासी उपस्थित रहे। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। ध्वजारोहण के पूर्व भारत माता चौक पर स्थापित मां भारती की प्रतिमा और गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है।

## छात्रावास अधीक्षिका की शिकायत जांच में पहुंचे अधिकारी

**बिर्रा**। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा के प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ हुई शिकायत की अधिकारियों ने जांच की। छात्रावास पहुंचे सहायक जिला समन्वयक और प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जांच की।

गौरतलब है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिर्रा में पदस्थ प्रभारी अधीक्षिका के खिलाफ जन भागीदारी एवं छात्रावास विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अलावा जिला के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। प्रभारी अधीक्षिका पर छात्रावास से नदारत रहने का आरोप लगाया गया था। साथ ही मूल विद्यालय में भेजने की मांग भी की गई थी। जिला के उच्च अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से लेते हुए निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। शनिवार 16 अगस्त को अंजना सिंह सहायक जिला समन्वयक अधिकारी जांजगीर चांपा एवं उनके साथ में रत्ना थवाईत प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह जांच में पहुंचे।




**सही मिली शिकायत**

जांच में शिकायत सही पाई गई है। वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

-अंजना सिंह
सहायक जिला समन्वयक, जांजगीर-चांपा

**भेजे हैं प्रतिवेदन**

निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय में भेज दिया गया है। कार्यवाही वहीं से होगी ।

-रत्ना थवाईत,
प्रभारी बीईओ, बम्हनीडीह

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)

क्रमांक/Q/रीडर-1/2025 बगीचा, दिनांक 14/08/2025

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता नगर पंचायत बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशीष अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल जाति अग्रवाल सा. बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि ग्राम लोटा प.ह.नं. 44 रा.नि.नं. बगीचा में स्थित खसरा 326/2 329/3 रकबा क्रमशः 0.024, 0.040 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक के उक्त भूमि में कच्चा मकान निर्मित है जिस पर वह निवास करता था बाद में अलग से मकान बन जाने के कारण उक्त भूमि पर बने कच्चा मकान को तोड़कर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु गोदाम निर्माण कर लिया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 28.08.2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला-जशपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)

क्रमांक/Q/रीडर-1/2025 बगीचा, दिनांक 14/08/2025

**//ईश्तहार//**

एतद द्वारा समस्त आम जनता नगर पंचायत बगीचा तहसील बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुभाष वल्द झण्डूमल जाति अग्रवाल साकिन बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम बगीचा प.ह.नं 23 रा.नि.नं. बगीचा में स्थित खसरा 104/4 रकवा 0.040 के भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक के उक्त भूमि में कच्चा मकान निर्मित है जिस पर वह निवास करता था बाद में दूसरे स्थान पर मकान बना लिया गया जिसके कारण उक्त भूमि पर बने मकान को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु गोदाम के रूप में उपयोग किया जाता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 28.08.2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला-जशपुर (छ.ग.)

* डांडगांव। केंद्र सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना के तहत उदयपुर विकास खंड के 21 ग्राम पंचायत के पुराने एवं जीर्ण शीर्ण हुए पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए अमृत सरोवर योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की गई है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक /Q/ रीडर-1/2025 बगीचा, दिनांक 16 .08 .2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता नगर पंचायत बगीचा तहसील बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1 जनार्दन प्रजापति पिता दुहन प्रजापति जाति कुम्हार निवासी ग्राम डुमरटोला तहसील बगीचा, 2. अर्जुन यादव पिता झांडेश्वर यादव जाति महकुल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि ग्राम लोटा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. बगीचा में स्थित खसरा 368 रकबा 0 . 053 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 30 .08 .2025 को न्यायालयीन समय प्रात: 10 .30 बजे से सायं 5 .30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16 .08 .2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)

## बकाया राशि भुगतान को लेकर युवक कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पिलखा क्षीर में दूध सप्लाई करने वाले किसानों की लाखों रुपए की बकाया राशि का वर्षों बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, इससे नाराज युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सूरजपुर कलेक्टर को सोमवार को ज्ञापन देकर 20 अगस्त को एनएच 43 सिलफिली में चक्काजाम व धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही है।

युवक कांग्रेस की तरफ से बताया गया कि इस संबंध में 8 जुलाई 2025 को पहला आवेदन प्रशासन को सौंपा गया है,लेकिन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सूरजपुर द्वारा दिया गया जवाब मामले से हटकर और असंतोषजनक था,इसके बाद भी 5 अगस्त को पुनः लिखित आवेदन कलेक्टर को सौंपा गया, जिसमें स्पष्ट मांग की गई थी कि पिलखा क्षीर के बकायादारों की लाखों रुपए की राशि का भुगतान 10 दिन के भीतर कर दिया जाए,लेकिन आज तक न तो भुगतान हुआ और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल दिखी है।इस उपेक्षा से आक्रोशित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तय किया है कि अब जनता के बीच उतरकर सरकार को घेरने हेतु 20 अगस्त को सिलफिली में पिलखा क्षीर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### दिवरी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**धौरपुर**। लुण्ड्रा जनपद के ग्राम दिवरी स्थित नवोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य सुमन चौरसिया द्वारा ध्वजारोहण कर छात्र छात्राओं के साथ राष्ट्रगान गाया।






## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका के एक पद के लिए 1 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला.रायगढ़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गोरखा क्र.2 वार्ड क्र. 43 में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती चीनी बाई को लंबी अवधि से कर्तव्य से अनाधिकृत अनुपस्थिति के फलस्वरूप सेवा समाप्त कर दिये जाने से आंबा सहायिका का पद रिक्त हो गया है। अतः रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद की पूर्ति हेतु 1 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### कौशल परीक्षा का आयोजन 25 को

**रायगढ़।** विकासखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक तथा लेखा सह एमआईएस सहायक के संविदा पदों पर भर्ती के संबंध में दावा.आपत्ति के उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा कौशल परीक्षा की जानकारी जारी कर दी गई है। पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल तथा जिले की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। उक्त पदों हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त को प्रातः 10 बजे से उत्तम मेमोरियल कॉलेज, पटेलपाली में किया जाएगा।

### सरसींवा अंचल में गूंजा गोविंदा आला रे

**सरसींवा।** अंचल में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सरसींवा और आसपास के गांवों में गोविंदा आला रे के जयघोष गूंजते रहे। मंदिरों एवं देवालयों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी, वहीं घर-घर में भक्तों ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन किया। सरसींवा के राधाकृष्ण मंदिर, पिपरडुला स्थित पथिक मानस आश्रम और रायकोना के श्रीराम मंदिर में जन्माष्टमी का विशेष आयोजन किया गया। पथिक मानस आश्रम में पूरे दिन भजन-कीर्तन चलता रहा और रात 12 बजे शंखनाद, घंटानाद और आतिशबाजी के बीच श्रीकृष्ण जन्म का भव्य स्वागत हुआ। पेंड्रावन स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर और हटवारा चौक पर भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। यहां आयोजित पारंपरिक मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने श्रद्धालुओं का खूब मनोरंजन किया।
आंखों पर पट्टी बांधकर और ग्रीस लगे खंभे पर चढ़कर युवाओं ने मटकी फोड़ने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## पेज 1 का शेष

### आदिवासी छात्रावास में...

अधिनियम, 2015 एवं बाल श्रम अधिनियम, 1986 के संबध में जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सचिव कु0 श्वेता बघेल द्वारा शिक्षा का अधिकार सवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह हेतु पात्रता के संबंध में जानकारी दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी जशपुर प्रज्ञा सिंह द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण अधिनियम, 1986, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सहित कुल 70 छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्लैक में 266 की ...

वितरित नही की गई। बताया गया कि अभी डीडी नम्बर अधिकारियों द्वारा जारी नहीं किया गया है। किसानों का कहना है कि रविवार को कोतबा स्थित गोदाम में 730 बोरी यूरिया का भंडारण किया गया हैं। बावजूद दो दिनों का चक्कर लगाने के बाद समिति द्वारा विभाग के से आईडी जारी नहीं होने का हवाला देकर उन्हें खाली लौटाया जा रहा है। इधर किसानों का कहना है कि रोपाई के बाद काफी वक्त गुजर गया लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रहा हैं। जिससे उनकी खेती पिछड़ रही हैं किसानों का आरोप है कि यहां दो प्रबंधक रहने के बावजूद कोई मौजूद नहीं रहता बस कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दिया गया है। सैकडों की संख्या में पहुंचे किसानों ने जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी अवस्था में यहां के प्रबंधक के ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जो किसानों के हित मे कार्य नहीं करता हो।

### 600 कर्मियों के हड़ताल पर जाने से रायगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं ठप

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी, टीकाकरण ठप, मरीज भटके





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसका सीधा असर रायगढ़ जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों तक टीकाकरण, एएनसी चेकअप, ओपीडी और एसएनसीयू जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं ठप हो गई हैं। अकेले रायगढ़ जिले से 600 कर्मी इस हड़ताल में शामिल हुए हैं।

हड़ताल के चलते ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण केंद्र बंद हैं, वहीं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी और आईपीडी सेवाएं बाधित हो गई हैं। गर्भवती महिलाओं की जांच, नवजात शिशुओं की देखभाल और टीबी, मलेरिया जैसे कार्यक्रम भी प्रभावित हुए हैं।

अस्पतालों में आने वाले मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जिला अस्पताल समेत मेडिकल कॉलेज में परेशानी कम नही हुई। अस्पताल में एक्सरे, ब्लड बैंक जैसे विभाग भी बंद रहे। हालांकि उच्च अधिकारियों ने ये दावा जरूर किया कि मरीजों की सहूलियत के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, लेकिन धरातल में व्यवस्था नजर नहीं आई।

#### नवजात शिशुओं की देखभाल नहीं

मेडिकल कॉलेज और एमसीएच में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में सेवाएं बाधित रहीं। समय पर देखभाल न मिलने से कई परिजनों ने नाराजगी जताई।ओपीडी और आईपीडी दोनों प्रभावित हुए। मरीजों को डॉक्टर की पर्ची तो मिली, लेकिन दवा वितरण और रिकॉर्डिंग का काम करने वाले कर्मी न होने से परेशानी बढ़ी।टीबी और मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का फील्ड वर्क पूरी तरह बंद हो गया।

#### क्या है कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

कर्मचारियों ने सरकार से संविलयन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, पारदर्शी कार्य मूल्यांकन, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति और न्यूनतम 10 लाख का कैशलेस बीमा जैसी 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं। एनएचएम कर्मियों का कहना है कि वे बीते 20 साल से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को संभाल रहे हैं। कोविड-19 महामारी में सबसे आगे रहकर

#### मोदी की गारंटी रही अधूरी

सोमवार को एनएचएम संघ ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी' के तहत नियमितीकरण का वादा किया गया था। लेकिन 20 महीने और 160 से अधिक ज्ञापन देने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सरकार अब भी चुप है। यदि हमारी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी। फिलहाल, कर्मियों के हड़ताल का सबसे ज्यादा असर गरीब परिवारों को झेलना पड़ा। उन्हें मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।

#### जानिए कहां कैसी दिक्कत हुई

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जूटमिल में सुबह से ही ओपीडी बंद रही। करीब 70 मरीज बिना इलाज के वापस लौट गए। इसी तरह पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। कई ग्रामीण महिलाएं अपने बच्चों को टीका लगवाने आईं लेकिन निराश लौटना पड़ा। रायगढ़ जिला अस्पताल में भी ये स्थिति देखी गई। यहां एक्सरे, ब्लड बैंक में जांच नहीं हुई। मेडिकल कॉलेज और एमसीएच में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच (एएनसी) नहीं हो पाई। स्वास्थ्यकर्मी न होने से कई महिलाओं को निजी क्लिनिक का सहारा लेना पड़ा।




## रोटरी एवं हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन का रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

रोटरी क्लब खरसिया सिटी और हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सिविल अस्पताल खरसिया में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 183 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ, जो एक रिकॉर्ड साबित हुआ। यह आयोजन खास इसलिए भी रहा क्योंकि इसे भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित किया गया।

इस अवसर पर सलूजा परिवार के विन्नी सलूजा, जिनका हाल ही में रोटरी क्लब खरसिया 2025-26 के अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण हुआ है और जो हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं, ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। आयोजन दीप प्रज्वलन और राज्य गीत के साथ शुरू हुआ। रक्त संग्रहण का कार्य रायगढ़ जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ और खरसिया ब्लड बैंक की टीमों ने किया। शिविर में रायगढ़ जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जगत, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डीएसपी बृजेश तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, उपाध्यक्ष बंटी सोनी, चौकी प्रभारी अमित तिवारी, डॉक्टर अभिषेक पटेल, डॉक्टर दिलेश्वर पटेल सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन शामिल हुए। कार्यक्रम में हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा बबीता अग्रवाल, रोटरी क्लब खरसिया के सचिव अमोल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष रितेश अग्रवाल की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

## अघरिया सदन में हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय भवन अघरिया सदन कोतरा रोड रायगढ़ में रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया गया। आयोजन में पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारका पटेल, राष्ट्रीय युवा संयोजक विजय पटेल विक्की और बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद राधा-कृष्ण भेषभूषा, फैंसी ड्रेस, नृत्य प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ जैसे रोचक आयोजन हुए। छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर सबका मन मोह लिया। वहीं महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उमेश पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि धार्मिक पर्व हमें न केवल अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और संगठन की मजबूती का आधार भी बनते हैं।



## पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर के बेटे की केलो डेम में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार की देर रात लाखा स्थित केलो डेम में पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर के बेटे की डूब कर मौत हो गई। मृतक अपने देर रात अपने दोस्तों के साथ डेम घूमने गया था, इस दौरान यह हादसा हो गया। सोमवार की सुबह पुलिस की टीम गोताखोरों के साथ केलो डेम पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव मछली मारने के जाल में फंसा मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल छोटे अतरमुड़ा निवासी पीडब्ल्यूडी में पदस्थ सब इंजीनियर डीके प्रधान का बेटा सुशांत प्रधान (25) साल रविवार की देर रात अपने दोस्तों पुरेन्द्र सिंह निवासी गोरखा और अविनाश सारथी निवासी कोष्टापारा के साथ कार से लाखा स्थित केलो डेम पहुंचा था। रात करीब दो बजे वह डेम के पिछले हिस्से में हाथ-मुंह धोने के लिए पानी में उतरा और अचानक गायब हो गया। दोस्तों ने घंटों खोजबीन की लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सुबह 9 बजे कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद मछली पकड़ने के जाल में सुशांत प्रधान का शव फंसा हुआ मिला। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, वहीं मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।



### दोस्तों से चल रही पूछताछ

इस घटना के बाद शहरवासियों के जेहन में कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि रात 2 बजे आखिर तीनों युवक केलो डेम करने क्या गए थे। वहीं सुंशात का शव मिला है उसमें वह सिर्फ हाफ पेंट पहना हुआ या तो क्या वह नहाने के लिए ही पानी में उतरा था। वहीं अगर वो नहाने के लिए पानी में गया तो उसके दोस्तों के कैसे भनक नहीं लगी या उन्होंने उसे क्यों नहीं रोका। मामला संदेहास्पद होने पर पुलिस सुशांत के दोस्तों से पूछताछ कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है।

## सिमरन ने एमबीबीएस सीट हासिल कर बढ़ाया मान

**सरसीवा।** सरसीवा तहसील से कुछ किलोमीटर दूर बसे बलौदी गांव की बेटी सिमरन जाटवर ने अपनी मेहनत और संघर्ष से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की नीट परीक्षा में 139वीं रैंक प्राप्त कर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुंद में एमबीबीएस की सीट सुरक्षित की है। इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र का मान बढ़ा दिया है। गांववासियों का कहना है कि सिमरन की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। उनकी मेहनत, समर्पण और परिवार का आशीर्वाद अब अन्य बेटियों के लिए भी उम्मीद की किरण बना है। सिमरन के माता-पिता ने खुशी जाहिर करते हुए गुरुजनों, क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया।

#### जरूरतमंदों की सेवा ही मेरा सपना : सिमरन



अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए सिमरन जाटवर ने कहा कि यह उपलब्धि मुझे माता-पिता और बड़े भाई के आशीर्वाद, गांववालों की दुआओं और गुरुजनों की शिक्षा से मिली है। मेरा सपना एक अच्छा चिकित्सक बनकर गरीब और वंचित लोगों की सेवा करना है। मेरे परिवार और क्षेत्रवासियों ने जो विश्वास जताया है, उसे मैं अपने कार्यों से पूरा करूंगी। इस सफलता ने बलौदी गांव ही नहीं, बल्कि पूरे सरसीवा अंचल का गौरव बढ़ाया है। हर कोई सिमरन को क्षेत्र की उभरती हुई प्रेरणा मान रहा है।

## दादी रानी सती के मंगलपाठ में झूमे भक्त, भक्ति भाव से गूंजा भवन

**चंद्रपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति चंद्रपुर के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन भवन में झुंझुनू वाली दादी रानी सती का मंगल पाठ बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से आयोजित किया गया। आयोजन में भक्तों की टोली दादी की भक्ति में झूमती नजर आई।

इस मौके पर शहर के प्रसिद्ध भजन गायक छोटू देवांगन ने मंगल पाठ का गायन कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। पाठ वाचक दल ने दादी रानी सती के जीवन का संपूर्ण मंचन नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे भक्तों ने भाव विभोर होकर देखा। कार्यक्रम में दादी को रिझाने के लिए मेहंदी उत्सव, चुनरी उत्सव, दादी का श्रृंगार तथा दादी का खजाना सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। वहीं, समिति की महिलाओं ने दादी को छप्पन भोग, बूंदी, खीर, पेड़ा, फल-फूल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। महिला समिति की सदस्याएं रंग-बिरंगी चुनरी ओढ़कर दादी के मंगल पाठ में शामिल हुईं और भक्ति भाव से दादी की ज्योत व अलौकिक श्रृंगार का दर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में महिला समिति अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, निशा गोयल, लता केडिया, रश्मि अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रितु अग्रवाल, शिखा गोयल, किरण अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल सहित अन्य सदस्याओं की प्रमुख भूमिका रही।



## जर्जर शाला भवन को तोड़कर नया भवन बनाने कलेक्टर से मांग

**तमनार।** रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 17 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत देलारी में संचालित माध्यमिक शाला पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। पिछले 12 वर्षों से भवन की स्थिति खराब है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की मरम्मत या नया भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस जर्जर हालत को देखते हुए पहले माध्यमिक शाला की कक्षाएं प्राथमिक विद्यालय में संचालित की जाती थीं, लेकिन अब वह भवन भी जर्जर हो चुका है। गांव के लोग लगातार हादसे की आशंका से दहशत में हैं। देशभर से आए दिन स्कूल भवन ढहने की घटनाओं की खबरें अखबारों और सोशल मीडिया पर आती रहती हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। गांव के शाला प्रबंधन विकास समिति ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल नया स्कूल भवन निर्माण कराने की मांग की है। समिति ने यह भी कहा कि देलारी क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र है और यहां स्थित रायगढ़ स्पात एंड पावर प्रा. लि. जैसी बड़ी कंपनी की सीएसआर राशि से भी भवन निर्माण संभव है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र राशि स्वीकृत कर नया भवन निर्माण शुरू कराया जाए।



## सरसींवा के मंधाईभाठा आरोग्य केंद्र में उल्टा फहराया गया तिरंगा

**सरसींवा।** स्वतंत्रता दिवस पर जहां पूरा देश आज़ादी के 79 वर्ष पूरे होने की खुशी में राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहरा रहा था, वहीं सरसींवा तहसील के ग्राम पंचायत मंधाईभाठा आरोग्य केंद्र में तिरंगे का अपमान करने वाली गंभीर लापरवाही सामने आई।

दरअसल 15 अगस्त को ध्वजारोहण के दौरान यहां तिरंगे को उल्टा फहराया गया। झंडे में केसरिया रंग नीचे और हरा रंग ऊपर रखा गया, जो कि झंडा संहिता और 1971 के कानून के अनुसार सीधा-सीधा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। इतना ही नहीं, झंडे को नीचे से ऊपर खींचने की परंपरागत प्रक्रिया भी पूरी तरह से अनदेखी की गई। झंडा शाम 4 बजे तक इसी स्थिति में लहराता रहा और स्वास्थ्य विभाग का कोई भी कर्मचारी या जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे सका। जब इस मामले में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के संस्था प्रमुख तिलोक साहू से सवाल किया गया तो उन्होंने "मुझे पता नहीं" कहकर पल्ला झाड़ लिया और जिम्मेदारी ग्राम पंचायत पर डाल दी। ग्रामीणों ने इसे पूरी तरह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बताया।



#### दोषी पाए जाने पर तीन साल की सजा

झंडा संहिता 2002 के प्रावधान और 1971 की धारा 2 के तहत यह कृत्य दंडनीय अपराध है। दोषी पाए जाने पर अधिकतम 3 वर्ष की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। चूंकि यह घटना एक सरकारी संस्थान में हुई है, इसलिए मामला और भी गंभीर माना जा रहा है।

#### कार्रवाई की मांग

ग्राम पंचायत के जागरूक युवाओं ने शाम को झंडा उतारते समय इस लापरवाही पर कड़ी नाराज़गी जताई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस घटना में दोषी संस्था प्रमुख और संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से खिलवाड़ न हो।

